
Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# दीपावली की रात इमरजेंसी में तैनात रहेंगे चिकित्सक

**आदेश**

## सभी विभागों को आदेश जारी, आपातकालीन सेवा 108 भी मुस्तैद

**संवाददाता**

देहरादून। दीपावली की रात दून मेडिकल कालेज चिकित्सालय की इमरजेंसी में सभी विभागों के चिकित्सक मौजूद रहेंगे। चिकित्सा अधीक्षक डा. केसी पंत ने दिवाली पर एहतियात के तौर पर हड्डी, नेत्र, सर्जरी के चिकित्सकों समेत फिजीशियन की रात आठ से 12 बजे तक ड्यूटी लगाई है। सभी विभागों के विभागाध्यक्ष को इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। वहीं, रेडियोलाजी और पैथोलाजी लैब भी खुले रहेंगे। रेडियोलाजिस्ट और पैथोलाजिस्ट को भी रात में ड्यूटी पर तैनात रहने के लिए कहा गया है।




आपातकालीन सेवा 108 ने अतिरिक्त तैयारी की है। जीएम प्रोजेक्ट अनिल शर्मा ने बताया कि प्रदेशभर में तैनात समस्त 272 एंबुलेंस को हाई अलर्ट पर रखा गया है। दिवाली पर एंबुलेंस जाम में न फंसे इसके लिए तकनीकी परीक्षण किया गया है। देहरादून जिले में सर्वे चौक, घंटाघर, जाखन, रायपुर, बल्लूपुर चौक, प्रेमनगर, विधानसभा, रेसकोर्स में मुख्य चौराहे पर एंबुलेंस की तैनाती की गई है। एंबुलेंस और काल सेंटर टीम के सदस्य दिवाली पर पूरी तरह मुस्तैद रहेंगे।

केंद्रीय काल सेंटर में अन्य दिनों की अपेक्षा अतिरिक्त तकनीकी स्टाफ तैनात रहेगा, ताकि किसी भी आपात स्थिति में एंबुलेंस तुरंत रवाना की जा सके। प्रदेशभर में मोबाइल टीम का भी गठन किया गया है। इसके अलावा खुशियों की सवारी को भी अलर्ट मोड पर रखा है, जिससे गर्भवती महिलाओं व प्रसूता को किसी तरह की दिक्कत न हो।

**नर्सों को नंदा देवी सेवा सम्मान से नवाजा:** राज्य की कोरोना सेनानी नर्सों को नंदा देवी सेवा सम्मान से अलंकृत किया गया है। राज्यसभा के पूर्व सदस्य तरुण विजय की पहल पर उनकी मां विद्यामाता राजरानी की पुण्यतिथि पर आयोजित सम्मान समारोह में स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत और टिहरी सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह ने प्रदेश की 15 नर्सों को सम्मानित किया। समारोह में स्वास्थ्य मंत्री ने प्रदेश के सुदूर पर्वतीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और घर–घर जाकर कोविड टीकाकरण की जानकारी दी। सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह ने विद्यामाता राजरानी को भावभीनी श्रद्धांजलि दी और नर्सों के प्रति सम्मान व्यक्त किया। राज्यसभा के पूर्व सदस्य तरुण विजय ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री के नेतृत्व में प्रदेश संपूर्ण देश में श्रेष्ठ और गरीबों तक पहुंचने वाली स्वास्थ्य सेवाओं वाला राज्य बना है। समारोह में कई नर्स पुरस्कार लेते हुए भावुक हो गईं।

## न्यूज डायरी

### केदारनाथ विधायक मनोज रावत पर कर्मचारी से हाथापाई का आरोप

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। केदारनाथ के विधायक मनोज रावत और हेली कंपनी पवन हंस के कर्मचारी के बीच विवाद हो गया। आरोप है कि विधायक ने मैनेजर के साथ हाथापाई की। फिलहाल, मौके पर पुलिस पहुंच गई है। बताया जा रहा है कि विधायक केदारनाथ जाना चाहते थे, लेकिन फ्लाइट में देर होने पर वे बिगड़ गए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक मामले में तहरीर दी जा रही है। वहीं, विधायक और हेली कंपनी पवन हंस के बीच विवाद के बाद सभी हेली कंपनियों ने केदारनाथ के लिए हवाई सेवाएं बंद कर दी हैं, जिससे पुलिस के कई अधिकारी पिछले एक घंटे से फाटा शेर सिंह नारायण कोटी हेलीपैड पर फंसे हुए हैं।

### बिजली के खंभे से पटाखे की दुकान में गिरी चिंगारी, लगी आग

**संवाददाता** डोईवाला (देहरादून)। शार्ट सर्किट के चलते डोईवाला में छोटी दीपावली के दिन बड़ा हादसा होने से टल गया। बिजली के पोल पर हुए शार्ट सर्किट से एक चिंगारी यहां लगी पटाखों की दुकान पर पड़ गई, जिससे पटाखों में जबरदस्त आग लग गई। बुधवार को डोईवाला चौक पर स्थानीय निवासी दिवेश यादव ने पटाखों की दुकान लगाई थी। सायं करीब पांच बजे अचानक यहां स्थित बिजली के पोल में तारों में शार्ट सर्किट हो गया। जिससे चिंगारी सीधे पटाखों की दुकान में गिर गई। जिससे देखते ही देखते पटाखों में आग लग गई। पटाखों की आग से यहां लगा टेंट भी जलने लगा। जिससे आसपास लगी अन्य दुकानों में भी अफरा–तफरी मच गयी। इस दौरान बाजार में बड़ी संख्या में ग्राहक भी खरीदारी करने पहुंचे थे।

### देवस्थानम बोर्ड की हाई पावर कमेटी की पहली बैठक आयोजित

**संवाददाता** ऋषिकेश। उच्च स्तरीय समिति देवस्थानम बोर्ड की पहली परिचय बैठक ऋषिकेश में आयोजित की गई। बैठक में सदस्यों ने देवस्थानम बोर्ड के विषय में तीर्थ पुरोहितों के सुझाव आमंत्रित कर उनसे वार्ता किये जाने का निर्णय लिया गया। बोर्ड की अगली बैठक 12 नवंबर को प्रस्तावित की गई है।

बुधवार को उत्तराखंड चारधाम देवस्थानम प्रबंधन बोर्ड के प्रचार कार्यालय में उच्चस्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। उच्चस्तरीय समिति के अध्यक्ष मनोहरकांत ध्यानी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में समिति के सदस्यों का परिचय कराया गया। उच्च स्तरीय समिति अध्यक्ष, पूर्व राज्यसभा सदस्य मनोहर कांत ध्यानी ने देवस्थानम बोर्ड के विषय में सदस्यों को विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने दोहराया कि किसी के अधिकारों का हनन नहीं किया जाएगा।

# चीन सीमा के जनजाति धामी सरकार पर भड़के!

**संवाददाता** मुनस्यारी। निदेशालय, जनजाति कल्याण उत्तराखंड द्वारा दो साल से मुनस्यारी में प्रस्तावित जनजाति सम्मेलन को अब देहरादून में आयोजित किए जाने पर सीमांत के जनजाति भड़क गए है। कहा कि इसकी कीमत भाजपा सरकार को आगामी विधानसभा चुनाव में चुकानी पड़ेगी। कहा कि धामी सरकार नौकरशाहो के हाथो से चल रही है।

मुनस्यारी में दो साल पहले से राष्ट्रीय स्तर का जनजाति सम्मेलन की तैयारी की जा रही थी। सम्मेलन के लिए यहां दर्जनो बार बैठक हुई। उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजन को लेकर कमेटियो का गठन भी किया गया था। कोविड 19 के कारण सम्मेलन आयोजित नहीं हो पा रहा था। इस सम्मेलन में देश भर से जनजातियो के प्रतिनिधियो को आना था। सीमांत के विकास एवं उत्तराखंड की जनजातियो के सांस्कृतिक विरासत से देशभर की जनजातियां रुबरु होते। चीन सीमा पर होने वाले इस सम्मेलन से राज्य के इस दुर्गम हिस्से को नयी पहचान मिलनी तय थी। यहां के विकास के नये आयाम भी लिखे जाते। क्षेत्र की जनजाति कोविड 19 के नियमो के ढ़ील का इंतजार कर रही थी। लेकिन धामी सरकार में हावी नौकरशाही की भेंट यह सम्मेलन भी चढ़ गया।

जिला पंचायत सदस्य जगत मर्तोलिया, ग्राम प्रधान मनोज मर्तोलिया, कृष्णा पंचपाल, ललिता मर्तोलिया, सावित्री पांगती, गोकरण पांगती, लक्ष्मी सहित दो दर्जन पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि यह धामी सरकार का दूसरा धोखा है।



## सीएम से आईएएस, आई.पी.एस एवं आई.एफ.एस अधिकारियों ने की भेंट

**संवाददाता** देहरादून। दीपावली के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से बुधवार को मुख्यमंत्री आवास में प्रदेश के आई.ए.एस, आई.पी.एस एवं आई.एफ.एस अधिकारियों ने भेंट कर उन्हें दीपावली की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. सन्धु, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, श्रीमती मनीषा पंवार, श्री आनन्द बर्द्धन, पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार, प्रमुख वन संरक्षक श्री राजीव भरतरी के साथ ही सभी प्रमुख सचिव, सचिव, अपर सचिव एवं विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

# उत्तराखंड में आए कोरोना के सात नए मामले, नौ मरीज हुए स्वस्थ्य

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड में कोरोना संक्रमण के सात नए मामले मिले हैं। जबकि नौ मरीज स्वस्थ्य भी हुए हैं। कोरोना संक्रमित किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। राज्य में फिलवक्त कोरोना के 149 सक्रिय मामले हैं। रुद्रप्रयाग व टिहरी गढ़वाल में कोई सक्रिय मामला नहीं है, देहरादून जनपद में सबसे ज्यादा 106 सक्रिय मामले हैं। आठ जिलों में सक्रिय मामले दस से कम हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, निजी व सरकारी लैब से 9074 सैंपल की जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई, इनमें 9067 सैंपल की रिपोर्ट निगेटिव आई है।

संक्रमण दर 0.08 फीसदी रही है। देहरादून में तीन व हरिद्वार में दो लोग संक्रमित मिले हैं। वहीं अल्मोड़ा व नैनीताल में भी एक–एक व्यक्ति की रिपोर्ट पाजिटिव है। बागेश्वर, चमोली, चंपावत, पौड़ी गढ़वाल, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग, टिहरी गढ़वाल, ऊधमसिंहनगर व उत्तरकाशी में कोई नया मामला नहीं मिला है।



### रुद्रप्रयाग व टिहरी गढ़वाल में कोई सक्रिय मामला नहीं

बता दें कि राज्य में अब तक कोरोना के तीन लाख 43 हजार 918 मामले आए हैं। जिनमें तीन लाख 30 हजार 218 लोग (96.92 प्रतिशत) स्वस्थ हो गए हैं। राज्य में कोरोना संक्रमित 7401 मरीजों की मौत भी हो चुकी है।

**13 हजार, 827 व्यक्तियों का टीकाकरणः** राज्य में 524 केंद्रों पर 13 हजार 827 व्यक्तियों का टीकाकरण किया गया। राज्य में अब तक 74 लाख 85 हजार 757 व्यक्तियों को वैक्सीन की पहली खुराक लग चुकी है। जबकि 39 लाख 91 हजार 840 का पूर्ण टीकाकरण हो चुका है। 18 से 44 आयु वर्ग के भी 45 लाख एक हजार 172 व्यक्तियों को वैक्सीन की पहली खुराक और 18 लाख 10 हजार 554 को दोनों खुराक लग चुकी हैं।

### कैंट विधानसभा क्षेत्र में आप कार्यकर्ताओं ने किया देवस्थानम बोर्ड का विरोध

**संवाददाता** देहरादून। कैंट विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने आप प्रवक्ता रविंद्र सिंह आनंद के नेतृत्व में देवस्थानम बोर्ड को भंग करने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। इस मौके पर रविंद्र सिंह आनंद ने कहा कि बीजेपी जो कि देवस्थानम बोर्ड बना रही है यह वही बीजेपी है जो केरल भी देवस्थानम बोर्ड का विरोध कर रही है। साथ ही उन्होंने कहा पंडा पुरोहितों और ब्राहमण समाज के हितों का हनन नहीं होने देंगे। आम आदमी पार्टी पंडा पुरोहितों और ब्राहमण समाज के साथ खड़ी है।

भाजपा का कोई भी नेता चार धाम दर्शन के लिए जाता है तो पांडा पुरोहित उनका विरोध कर रहे है। ज्ञात हो कि हाल ही में पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत जब गए थे तो उनका भी घोर विरोध किया गया और उनको वापस लौटा दिया गया। रविंद्र सिंह आनंद ने कहा कि पिछले कई सालों से जब पहाड़ों में तापमान दो या तीन डिग्री होता था या माइनस में चला जाता था, कोई भी पहाड़ों का मंदिरों का रुख नहीं करता था तो यही पंडा पुरोहित सुबह चार बजे उठ कर पूजा पाठ करते थे।